SUCCESS KEY TEST SERIES		
	Grammar Test	
Std: VIII (E.M)	**Subject: Hindi**	**Time: 1Hrs**
Date :	**Chapter 1 & 2 (Second term)**	**Max Marks: 30**

विभाग 1 : गद्‍य

Q.1 निम्नलिखित परिच्छेद के आधार पर सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : 8

1. कृति पूर्ण कीजिये: (2)



पंक्तिबद्ध और एकजुट रहने के कारण दाँत बहुत दुस्साहसी हो गए थे । एक दिन वे गर्व में चूर होकर जिह्‍वा से बोले, ‘‘हम बत्तीस घनिष्ठ मित्र हैं, एक-से-एक मजबूत । तू ठहरी अकेली, चाहें तो तुझे बाहर ही न निकलने दे ।’’ जिह्‍वा ने पहली बार ऐसा कलुषित विचार सुना था । वह हँसकर बोली , ‘‘ऊपर से एकदम सफेद और स्वच्छ हो पर मन से बड़े कपटी हो ।’’

‘‘ऊपर से स्वच्छ और अंदर से काले घोषित करने वाली जीभ! वाचा

लता छोड़, अपनी औकात में रह । हम तुझे चबा सकते हैं । यह मत भूल कि तू हमारी कृपा पर ही राज कर रही है’’, दाँतो ने किटकिटाकर कहा । जीभ ने नम्रता बनाए रखी किंतु उत्तर दिया ,‘‘दूसरों को चबा जाने की ललक रखने वाले बहुत जल्दी टूटते भी हैं । सामनेवाले तो और जल्दी गिर जाते हैं । तुम लोग अवसरवादी हो, मनुष्य का साथ तभी तक देते हो , जब तक वह जवान रहता है । वृद्धावस्था में उसे असहाय छोड़कर चल देते हो ।’’

2. रिक्त स्थानों को पूर्ण कीजिये: (2)

a. हम बत्तीस ________ मित्र हैं |

b. वृद्धावस्था में उसे ________ छोड़कर चल देते हो |

c. _______ छोड़ , अपनी औकात में रह |

d. जिह्‍वा ने पहली बार ऐसे _________ विचार सुना था |

3. A. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए: (1)

1.कलुषित 2.घनिष्ठ

B. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिये: (1)

1.वृद्धावस्था 2.असहाय

4. मनुष्य के बोल पर अपने विचार लिखिए | (2)

विभाग 2 : पद्‍य

Q.2 निम्नलिखित पद्‍यांश पढ कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए : 6

1. कृति पूर्ण कीजिए: (2)



धरती का आँगन महके कर्मज्ञान-विज्ञान से ।
ऐसी सरिता करो प्रवाहित खिले खेत सब धान से ।।
अभिलाषाएँ नित मुसकाएँ आशाओं की छाँह में,
पैरों की गति बँधी हुई हो विश्वासों की राह में ।
शिल्पकला -कुमुदों की माला वक्षस्थल का हार हो,
फूल-फलों से हरी-भरी इस धरती का श्रृंगार हो ।

2. A. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए: (1)

1.सरिता 2.अभिलाषा

B. निम्नलिखित शब्दों के आगे उपसर्ग लगाकर नए शब्द लिखिए: (1)

1.विश्वास 2.हार

3. ऊपर दिए गए पद्यांश के प्रथम दो पंक्तियों के भावार्थ लिखिए: (2)

विभाग 3 – भाषा अध्ययन (व्याकरण)

Q.3 (1) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : **2**

(i) हमेशा सत्य बोलने वाला

(ii) जिस पर उपकार किया गया हो

(2) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा पहचानिए : **2**

(i) तुम ही मेरे राज्य की सच्ची उत्तराधिकारी हो |(जातिवाचक)

(ii) राजा को कोई ख़ुशी भरा गीत सुना रही हों |(भाववाचक)

(3) निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखिए : **2**

(i) रजा साहब अपने धर्म के साथ-साथ उतने ही हिन्दू और इसाई भी थे |

(ii) मनुष्य के नाखूनों का बढ़ना बंद हो जाएगा |

(4) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए : **2**

(i) उल्लास

(ii) बुढ़ापा

(5) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए : **2**

(i) पारावार न रहना

(ii) हाथ बँटाना

Q.4 विभाग 4 – उपयोजित लेखन

निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : **6**

(i) महिला सशक्तिकरण

(ii) देश के प्रति मेरे कर्त्तव्य

(iii) रेलवे स्टेशन पर दो घंटे

-------- All the Best --------